large and scattered all over the country. Time, labour and expenditure involved in collection of the data will not be commensurate with the results likekly to be achieved.

(b) An incentive scheme is under consideration.

आन्ध्र प्रदेश में सीमेन्ट के कारखानों का बन्द हो जाना

4121. **श्री शिव कुमार शास्त्री :** क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आंध्र प्रदेश में बिजली की कमी के कारण सीमेंट के 6 कारखाने बन्द हो गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संकट को दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) इन कारखानों के बन्द हो जाने से कितने व्यक्ति बेरोजगार हो गए है और कितने उत्पादन की क्षति का अनुमान है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री प्रणब कुमार मुखर्जी) : (क) जी, नही । आन्ध्र प्रदेश मे अब सभी 6 कारखानो मे कार्य हो रहा है, यद्यपि उनकी क्षमता में काफी कमी हो गई है ।

(ख) सीमेंट के कारखाने को और अधिक बिजली देने के प्रश्न पर राज्य विद्युत् बोर्ड और राज्य सरकार से बात चीत की गई है, जिसके परिणाम स्वरूप राज्य विद्युत् बोर्ड अब इन कारखानों को और अधिक बिजली उपलब्ध कराने पर सहमत हो गया है जिससे कि कम से कम एक एक मे पूरी तरह से काम हो सके ।

(ग) बेरोजगार हुए व्यक्तियो की ठीक-ठीक सख्या उपलब्ध नहीं है। ऐसा अनुमान है कि विभिन्न समय पर थोड़े थोड़े समय के लिए 2950 श्रमिक बेकार रहे। इसके अतिरिक्त, कारखाने में काम करने वाले श्रमिको के अलावा इतने ही और व्यक्तियों पर अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ा। फरवरी के महीने मे उत्पादन में हुई हानि 14 20 लाख मी० टन है ।

संचार मंत्रालय द्वारा रोजगार दिया जाना

4122. **श्री शिव कुमार शास्त्री :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संचार विभाग ने एक वर्ष मे 15 हजार लोगों को रोजगार दिया है ; और

(ख) वर्ष 1973-74 में इस मंत्रालय की कितने लोगो को रोजगार देने की योजना है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा) : (क) जी हां ।

(वित्तीय वर्ष 1971-72 के दौरान)

(ख) इसके लिए यथार्थ आंकड़े नहीं बताये जा सकते । ये आंकड़े 15,000 और 20,000 के बीच हो सकते हैं ।